CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:12 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 2 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 12 जून 2025


रैपर जैक्सन वांग के साथ ऋतिक...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पुलिस ने बारापत्थर क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया

**नैनीताल।** कोतवाली पुलिस ने बारापत्थर क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। बिना सत्यापन काम करने व अन्य अनिमितता पाए जाने पर 13 लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। बुधवार को कोतवाली एसएसआई दीपक बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस ने सूखाताल व बारापत्थर क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। जहां कई बाहरी व्यक्ति बिना लाइसेंस व सत्यापन कराये बिना दुकान व घोड़ों का संचालन करते मिले। दीपक बिष्ट ने बताया कि अनियमितता पाए जाने पर 13 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

# नमामि गंगे इकाई का एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की नमामि गंगे इकाई द्वारा नगर के जगदम्बा माता मंदिर परिसर में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने की। नोडल अधिकारी नमामि गंगे डॉ0 रितुराज पंत ने शिविर का उद्देश्य बताते हुए कहा कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशन में आयोजित शिविर में भारतीय ज्ञान एवं परंपराओं



की व्यवहारिक प्रासंगिकता, योग और नदियों के संरक्षण को केंद्र में रखा जाना है। वेदाचार्य के.बी. पाठक ने हवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उसकी वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को बताया। उन्होंने माथे पर तिलक लगाने को आज्ञा चक्र के जागरण और मानसिक ऊर्जा के संतुलन से जोड़ा तथा शंख और घंटी की ध्वनि को वातावरण की शुद्धि, एकाग्रता में वृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करने वाला बताया। उन्होंने बताया कि घरों में प्रातः और संध्या काल में घंटी और शंख बजाने से वातावरण शुद्ध रहता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसी क्रम में प्राकृतिक चिकित्सक विमल पांडे ने प्राकृतिक चिकित्सा की व्यवहारिक विधियों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि सूर्यस्नान, गुनगुना जल, मिट्टी और जल चिकित्सा, मौसमी फल व सब्जियों का सेवन, और व्रत व उपवास जैसी पद्धतियाँ हमारे शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती हैं। उन्होंने बताया कि दिन की शुरुआत नींबू-गुनगुने पानी से करने, सप्ताह में एक दिन उपवास रखने और नंगे पैर घास पर चलने जैसे छोटे-छोटे अभ्यास भी व्यक्ति को रोगमुक्त बना सकते हैं। योगाचार्य ज्योति चुफाल ने प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में उपयोगी सरल योगासनों का अभ्यास कराया और उनके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी पंत द्वारा गरिमामय ढंग से किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष उमेश चंद्र पांडे सचिव विनोद चंद पांडे, कोषाध्यक्ष आशुतोष जोशी, उपसचिव विमल कुमार पांडे, विजय तिवारी, बॉबी लटवाल, अमर, वरुण जोशी, करण तिवारी, राकेश कांडपाल, कंचन पाठक, डॉ. हिमानी, यशोधर नाथ एवं अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### मानसून के सक्रिय होने में अभी और समय लगेगा

# पहाड़ी इलाकों में झमाझम बारिश, मैदान में तपिश

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

पिछले करीब पांच दिनों से प्रदेशभर में उमस भरी गर्मी ने बेहाल किया हुआ है। पहले कहा जा रहा था कि प्रदेश में मानसून 11 जून तक प्रवेश कर जाएगा, लेकिन अब मानसून के सक्रिय होने में अभी और समय लगेगा।

उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में आज मौसम ने करवट बदली। सुबह चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी समेत कई इलाकों में बारिश हुई। इससे तापमान में भी गिरावट आई है। उधर, मैदानी इलाकों में गर्मी लोगों को झुलसा रही है। वहीं, चमोली जनपद में कुंआें मकोट क्षेत्र में भारी बारिश से कौंज पोथनी गांव को जोड़ने वाली सड़क बाधित हो गई है। बारिश से सुबह से ही नदी घाटी में कोहरा छाया हुआ है। वहीं, बदरीनाथ



धाम, हेमकुंड साहिब के साथ ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी मौसम खराब है। पिछले करीब पांच दिनों से उमस भरी गर्मी के बाद हल्की बारिश से लोगों को राहत मिली है। लेकिन, प्रदेश में मानसून आने में अभी और समय लगेगा। हालांकि विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल के मुताबिक 16 जून तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिलेगी। वहीं मानसून भी 20 जून के बाद ही आने की संभावना है। हालांकि इससे पहले हल्की बूंदाबांदी से मौसम राहत भरा रहेगा।

### नैनीताल में सैलानियों की बढ़ी आमद

**नैनीताल।** सप्ताहांत के बाद भी नैनीताल में पर्यटक उमड़ रहे हैं। सैलानियों से नैनीताल के सभी पर्यटन स्थल गुलजार हैं। नैनीझील में पर्यटक सुबह से शाम तक नौका विहार करते रहे। वहीं पूरे दिन सड़कों पर वाहनों की कतार लगी रही। बुधवार को भी नैनीताल में भारी संख्या में पर्यटकों की आवक रही। जिससे नैनीताल शहर व आसपास की सड़कों का यातायात प्रभावित रहा। वहीं सुबह से शाम तक मॉलरोड, तल्लीताल, मल्लीताल, बोट स्टैंड, पंत पार्क, चाट बाजार व बड़ा बाजार में पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहा।

# जबरन धर्म परिवर्तन और फर्जी दस्तावेजों के सहारे विवाह कराने का आरोप

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

नगर में जबरन धर्म परिवर्तन और फर्जी दस्तावेजों के सहारे विवाह कराने का मामला प्रकाश में आया है। भोलानाथ गार्डन निवासी ज्योति अग्रवाल ने बनभूलपुरा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके भाई सागर अग्रवाल को एक युवती फरहीन ने प्रेमजाल में फंसाकर मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया और फर्जी दस्तावेज बनवाकर उससे शादी कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ज्योति ने आरोप लगाया कि फरहीन नामक युवती, जो आधार कार्ड बनाने का कार्य करती है, ने उसके भाई सागर अग्रवाल को अपने प्रेमजाल में फंसाया। युवती ने उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हुए कहा कि शादी करने के लिए उसे इस्लाम धर्म अपनाना होगा। इसके बाद सागर ने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, और जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर अपना नाम सैम अली पुत्र मुन्ना करवा लिया। ज्योति के अनुसार, वर्ष 2021 में काठगोदाम की एक दरगाह में मुस्लिम रीति-रिवाज से उसका विवाह करवा दिया गया और बाद में कोर्ट मैरिज भी की गई। जब इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी ज्योति को मिली तो उसने उपजिलाधिकारी कार्यालय में इसकी लिखित शिकायत की थी। शिकायत के चलते सागर ने अपनी बहन को शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया और धमकी भी दी, जिसके बाद हल्द्वानी कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया था। ज्योति ने आरोप लगाया कि जब वह थाना बनभूलपुरा किसी शिकायत की जानकारी लेने गई तो सागर उर्फ सैम अली और फरहीन ने थाने में ही उसके साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं, जब वह बाहर निकलकर पुराने दस्तावेज लाने गई, तब भी उसे धमकाया गया कि यदि शिकायत वापस नहीं ली तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ज्योति अग्रवाल ने बनभूलपुरा थाने में पहुंचकर सागर के पुराने और नए दस्तावेज प्रस्तुत किए और मांग की कि फर्जी दस्तावेज बनवाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने, फर्जी पहचान के आधार पर विवाह करने तथा जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। बनभूलपुरा कोतवाल नीरज भाकुनी ने बताया कि मामले जांच की जा रही है और सभी दस्तावेजों की सत्यता की पुष्टि के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# ओवरटेक करने पर तेज रफ्तार बाइक गैस सिलेंडरों से भरे पिकप की चपेट आया, दो लोगों की मौत

**हल्द्वानी।** वाहन को ओवरटेक करने के दौरान तेज रफ्तार बाइक गैस सिलेंडरों से भरे पिकप की चपेट में आ गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि पिकप चालक और क्लीनर को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बहेड़ी निवासी 20 वर्षीय सुभान अंसारी पुत्र रईस अहमद और 25 वर्षीय फिरोज निवासी गिरधरपुर बहेड़ी, बरेली यहां बनभूलपुरा में किराए के मकान में रहकर मेहनत मजदूरी का काम करते थे। बताया जाता है कि दोनों गुरुवार की प्रातः बाइक पर सवार होकर गौलापार की तरफ जा रहे थे कि तभी कुंवरपुर बागजाला के पास वाहन को ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे गैस सिलेंडरों से भरे पिकप वाहन की चपेट में आ गए। इससे दोनों सड़क पर जा गिरे। बताया जाता है कि इस बीच दोनों के ऊपर पिकप वाहन चढ़ गया। इस हादसे में सुभान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि फिरोज को गंभीरावस्था में डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना पर पहुंची काठगोदाम थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। काठगोदाम एसओ पंकज जोशी ने बताया कि पिकप चालक और क्लीनर को हिरासत में लिया गया है। बहरहाल मामले में अभी तक तहरीर नहीं आई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी गई है।

# हादसा: 242 यात्रियों को ले जा रहा एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त

**अहमदाबाद**
**एजेंसी**

गुजरात के अहमदाबाद में बड़ा विमान हादसा हुआ है। फ्लाइट संख्या एआई171 हादसे का शिकार हुई है, जो अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। विमान रिहायशी इलाके में क्रैश हुआ है। ऐसे में बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

हादसा अहमदाबाद के मेघानी नगर इलाके में हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसे का शिकार हुआ विमान एअर इंडिया का है और उसमें 242 यात्री सवार थे। हादसे के बाद आसमान में धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दे रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करते ही हादसे का शिकार हो गया। घटनास्थल पर अग्निशमन दल की टीमें पहुंच गई हैं और राहत और बचाव कार्य जारी है। फ्लाइट संख्या एआई171 हादसे का शिकार हुई है, जो अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। विमान रिहायशी इलाके में क्रैश हुआ है। ऐसे में बड़ा नुकसान होने की आशंका है। हादसे की सूचना मिलते ही गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गुजरात सीएम और अहमदाबाद के कमिश्नर से फोन पर बात की है और उनसे हालात के बारे में जानकारी ली।

# कैंची मेला: बाहरी दोपहिया वाहनों के पर्वतीय इलाकों में प्रवेश पर रोक

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

कैंचीधाम में 15 जून को आयोजित होने वाले वार्षिक स्थापना दिवस मेले के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने ट्रैफिक प्लान तैयार कर लिया है। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए 14 और 15 जून को बाहरी दोपहिया वाहनों के पर्वतीय इलाकों में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। ऐसे वाहनों को काठगोदाम और कालाढूंगी में रोका जाएगा, जहां से श्रद्धालुओं को शटल सेवाओं के माध्यम से कैंचीधाम भेजा जाएगा।

श्रद्धालुओं को रंग आधारित शटल सेवा से लाया जाएगा। प्रशासन ने शटल वाहनों को रंग कोड के अनुसार



संचालित करने का निर्णय लिया है, जिससे श्रद्धालुओं को लौटते समय असुविधा न हो। हल्द्वानी-काठगोदाम से गुलाबी, भीमताल से हरा, भवाली से पीला और नैनीताल से नीली रंग की शटल सेवा संचालित होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने 15 अस्थायी पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की है, जिनमें पनीराम ढाबा, भवाली रोडवेज स्टेशन, नैनीबैंड रोड, फरसौली परिवहन निगम, नगर पालिका मैदान भवाली, खैरना मंडी पार्किंग, कैंची प्राइवेट पार्किंग, भवाली जल संस्थान कैंपस समेत अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थलों से शटल सेवाएं चलाई जाएंगी।

एडीएम विवेक राय ने बताया कि सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जल संस्थान, ऊर्जा निगम और नगर पालिका को पार्किंग स्थलों पर पेयजल, शौचालय और रोशनी की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। वाहन चालकों को श्रद्धालुओं से बेहतर व्यवहार और तय किराया लेने के लिए कहा गया है। हल्द्वानी और काठगोदाम से दोपहिया वाहनों को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। श्रद्धालुओं को शटल सेवा से कैंचीधाम भेजा जाएगा। किराया भी तय कर दिया गया है।

# बैठक: अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा



नैनीताल

हमारे संवाददाता

उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग एवं राज्य मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना ने नैनीताल क्लब में समीक्षा बैठक की।

इस दौरान उन्होंने पर्यावरण मित्रों को मिलने वाली सुविधाएं, वेतन एवं सुरक्षा उपकरण समय से देने के सख्त निर्देश दिए। मंत्री ने बैठक में अनुपस्थित और बिना तैयारी के आने वाले अधिकारियों पर नाजारगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने पालिका द्वारा 524 स्वच्छता कर्मचारियों के आवास खाली करने व किराया वसूलने के नोटिस जारी करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बिना ठोस कारण के नोटिस जारी न किए जाएं साथ ही बिना किसी नोटिस या स्पष्टीकरण के पर्यावरण मित्रो को न हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य रुप कर्मचारियों को मिलने वाले पीएफ , ईएसआई और मानकों के अनुसार मिलने वाले वेतन की विस्तृत जानकारी ली। कहा कि सरकार की जन उपयोगी योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं का लाभ सभी पर्यावरण मित्रों को मिले। उन्होंने समाज कल्याण, नगर निगम तथा पालिका समेत अन्य विभाग के अधिकारियों को माह में एक से तीन बार बहुउद्देशिय शिविर लगाने और व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए जिससे कर्मचारी अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। कहा कि पर्यावरण मित्रों को समय से सभी सुरक्षा और बरसात से सभी सुरक्षा उपकरण देने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी नगर पालिका के अधिकारियों को मृतक आश्रितों को समय से नौकरी, सेवा निवृत्त के समय भुगतान देने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि सभी नियमित कर्मचारियों के समय से गोल्डन कार्ड की प्रक्रिया हेतु सभी विभाग अपने स्तर से शिविर लगाकर कर कार्ड आदि बनाने का कार्य करें। इस दौरान नमस्ते योजना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां पद के सापेक्ष कराएं। कहा कि नैनीताल में जल्द महर्षि वाल्मिकी चौक बनाया जाएगा जिस पर स्थानीय विधायक सरिता आर्य ने पंत पार्क में महर्षि वाल्मिकि चौक बनाने और विधायक निधि से मूर्ति बनाने की बात कही। इस दौरान अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, समाज कल्याण मोहम्मद चांद, ईओ नगर पालिका नैनीताल द्वितीय विनोद सिंह जीना, ईओ लालकुआं राहुल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भवाली पंकज अद्वैती समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# सीईएलआर फाउंडेशन बच्चों को जरुरी सामग्री वितरित की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सीईएलआर फाउंडेशन द्वारा जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती अधौड़ा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन की टीम द्वारा बच्चों को जरुरी सामग्री वितरित की और उनके साथ बातचीत की तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी जीवंती गोस्वामी,नवल किशोर त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद,पंकज कुमार, ज्योति दुर्गापाल, सोनिया पांडे, गीतांजली चंद और वरिष्ठ पत्रकार अंचल पंत तथा फ टोग्राफ र प्रियांशु प्रसाद मौजूद रहे। इसके अलावा टीम द्वारा पालिकाध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल से शिष्टाचार भेंट की और कूड़ेदान और कूड़े की समस्याओं के संबंध में चर्चा की एवं उनसे आग्रह किया कि वे इस समस्या का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं,उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि वे चिन्हित स्थानों पर कूड़े की व्यवस्था को ठीक करवाएंगी। सारिका का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रमों से हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लॉक के ज्योलीकोट के दुरुस्त क्षेत्र ज्योलि में बुधवार को जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट एवं भीमताल की पालिकाध्यक्ष सीमा टम्टा का स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती बिष्ट ने कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस देश में कांग्रेस द्वारा किए गए विकास कार्यों को बताते हुए उन्होंने महिला कांग्रेस को संगठित होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने को कहा। इस अवसर पर सर्व सहमति से महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भीमताल पार्वती पांडे प्रेमा निर्वाचित हुई। भीमताल नगर पालिका की अध्यक्ष सीमा टम्टा ने नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन और कांग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ाने को कहा। सर्व समिति से सभी महिलाओं ने पार्वती पांडे उर्फ प्रेमा का फ ूल माला पहन कर स्वागत किया।

बैठक में पूर्व पालिकाध्यक्ष भीमताल दीपक चनौतिया, सभासद शुभम नैनवाल, जानकी आर्य, सरिता रानी, मुन्नी पांडे, हीरा देवी, राजेश्वरी पांडे ,भावना, मनीषा पांडे, मुन्नी जोशी, भगवती, गीता देवी, प्रेम पांडे, धनी दुमका, सीमा व सरिता देवी आदि कांग्रेसी महिलाएं उपस्थित थी।



# NEWS / फटाफट

## डीएसबी परिसर शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव कल

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव कल 13 जून (शुक्रवार) को होंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी भारत भूषण जोशी के मुताबिक चुनाव अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,महिला उपाध्यक्ष,सचिव,उप सचिव तथा कोषाध्यक्ष पदों के लिए होंगे। चुनावी प्रक्रिया के तहत 12 जून (वीरवार) को सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक नामांकन होंगे,उसके बाद अपराह्न 1:30 बजे से लेकर 2:30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच, उसी दिन नाम वापसी का कार्यक्रम 2:30 बजे से लेकर शाम को 3:30 बजे तक होगा। अगले दिन यानी 13 जून (शुक्रवार) को सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक मतदान होगा जबकि अपराह्न 1:30 बजे से मतगणना होगी। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों की घोषणा के बाद शपथ ग्रहण समारोह होगा। बताया कि नामांकन प्रक्रिया परिसर के सहायक लेखाधिकारी कार्यालय व निर्वाचन (मतदान) की प्रक्रिया परिसर के कक्ष संख्या 18 सेमीनार हाल में होगी। बताया कि हर पद के लिए नामांकन शुल्क 500 रुपया तय किया गया है। दूसरी ओर संघ के वर्तमान अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट व सचिव राजेंद्र सिंह ढैला ने परिसर के सभी कर्मचारियों से दो दिनी चुनावी प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

## 341वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितिकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 341वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आइए,पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत कानपुर से आए पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ते हुए मानसरोवर यात्री वाटिका में पौधारोपण किया। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा।

## प्रो. अवध नारायण चतुर्वेदी के निधन पर शोक जताया



**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने पंतनगर विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति चतुर्वेदी के पिता तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर, विधि जगत के विद्वान प्रो. अवध नारायण चतुर्वेदी(91) के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है । कूटा के मुताबिक प्रो. चतुर्वेदी विधि जगत के प्रकांड विद्वान थे, उन्होंने विधि जगत में बहुमूल्य कार्य किए हैं। इनके द्वारा विधि विज्ञान की बहुप्रचलित पुस्तकों का प्रकाशन किया गया है। कूटा तथा यूटा ने प्रो. चतुर्वेदी को श्रद्धांजलि दी है तथा गहरा शोक व्यक्त किया है। कूटा की तरफ से प्रो.ललित तिवारी समेत डॉ विजय कुमार,प्रो. नीलू लोधियाल,डॉ दीपक कुमार,डॉ संतोष कुमार,डॉ पैनी जोशी,डॉ उमंग सैनी,प्रो. अनिल बिष्ट, डॉ रितेश साह,डॉ युगल जोशी व डॉ नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## नैनीताल में घोड़ा चालक सेवा समिति की बैठक

**नैनीताल ।** नैनीताल में घोड़ा चालक सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें वर्तमान अध्यक्ष अब्दुल रशिद को पद से हटाकर सर्वसम्मति से मोहम्मद उमर को 6 माह के लिए अध्यक्ष बनाने के साथ ही नई कार्यकारिणी गठित की गई। जनवरी माह-2026 में संगठन के चुनाव आयोजित किये जायेंगे। बुधवार को बारापत्थर में समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समिति सदस्यों ने घोड़ा चालकों के हितों को लेकर चर्चा की। बैठक में वर्तमान अध्यक्ष अब्दुल रशिद को हटाया गया। जिनके स्थान पर मोहम्मद उमर को नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष चुनने के बाद उमर ने नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें लियाकत अली को सचिव, साहिल को खजानची व सोएब जुल्फेए अहमद जान, खलील अहमद सरीज को सदस्य मनोनीत किया गया। मोहम्मद उमर ने बताया कि जनवरी 2026 में समिति के चुनाव आयोजित किये जायेंगे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# रूफ टॉप सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से क्रियान्वित की गई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने नवोन्मेषी ऊर्जा रणनीति के अंतर्गत एक व्यापक सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना की है जो हरित ऊर्जा की दिशा में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का परिचायक है। उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) के सहयोग से यह परियोजना विभिन्न विभागीय भवनों की छतों पर रूफ टॉप सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से क्रियान्वित की गई है। वर्तमान में विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 788 किलोवाट विद्युत उत्पादन की सौर क्षमता स्थापित की जा चुकी है। बता दें कि इस परियोजना के अंतर्गत प्रशासनिक भवन में 150 किलोवाट, हरमिटेज भवन में 152किलोवाट, डीएसबी परिसर में 393 किलोवाट, भूविज्ञान विभाग में 40 किलोवाट, नैनो साइंस विभाग में 25 किलोवाट तथा रसायन विभाग में 20 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं। एक सामान्य सोलर यूनिट द्वारा औसतन 500 वॉट विद्युत उत्पादन होता है। इस प्रकार केवल 150 किलोवाट क्षमता के लिए लगभग 300 पैनलों की आवश्यकता होती है। उत्पादित विद्युत को ग्रिड के माध्यम से विद्युत विभाग को प्रेषित किया जाता है जिससे सतत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित होती है, साथ ही विभागीय खपत के आधार पर विश्वविद्यालय को विद्युत बिल में नियमानुसार समुचित छूट प्राप्त होती है। यह प्रणाली न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हैए बल्कि विश्वविद्यालय को दीर्घकालिक ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी अग्रसर करती है। इस अभिनव पहल के मूल में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत का दूरदर्शी एवं नवाचारी नेतृत्व है। प्रो. रावत की प्रेरणादायी सोच तथा प्रशासनिक सक्रियता एवं पर्यावरणीय संवेदनशीलता ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को साकार रूप दिया।

# चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों की बुधवार को स्कूल प्रबंधन की ओर से घोषणा की गयी। घोषणा के बाद आयोजित समारोह में विजयी छात्र-छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष कविता गंगोला ने पुरस्कृत किया।

गंगोला ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति बच्चों की जागरूकता अत्यंत सराहनीय है और ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रकृति के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम में उनके साथ भाजपा की कर्मठ कार्यकर्ता मीरा बिष्ट भी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई थी जिसमें सीनियर श्रेणी में वर्षा आर्या प्रथम, अराध्या चौनियाल द्वितीय रही। मिडिल




श्रेणी में रियांशी राज प्रथम तथा मनप्रीत रेखाकोटी द्वितीय एवं क्रियान्स वशिष्ठ एवं हितांशा वर्मा तृतीय रहे। जूनियर श्रेणी में वंश आर्या प्रथम, संध्या द्वितीय एवं लक्षिता मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे,साथ ही रियांश भट्टए चैतन्य जोशी एवं युवान डालाकोटी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या पूनम बिष्ट ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में कलात्मकता के साथ.साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति चेतना भी बढ़ाती हैं। कार्यक्रम का संचालन ज्योति त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में ज्योति त्रिपाठी,अनीता बोरा,आशा जोशी, किरन मेर, लता फ र्त्याल,रुचि साह, मोनिका वर्मा, पल्लवी जोशी, दिया आर्या, विक्रम सिंह रावत, तुलसी बिष्ट, पूनम, रेणु बिष्ट, मनोज कुमार एवम् समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# अभिमत

## रोजगार के रास्ते

*पहाड़ पर कुटीर और लघु उद्योग सफल हो सकते हैं। पर्वतीय क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा के अनुरूप उद्योग स्थापित करने से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। पहाड़ पर कृषि और बागवानी के उत्पादकों को उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। फल, सब्जी और मसाले से संबंधित लघु उद्योगों की अच्छी संभावना है। कम पूंजी में कुटीर और लघु उद्योग स्थापित किये जा सकते हैं। महिलाएं और स्थानीय लोग सिर्फ सब्सिडी के लिए उद्योग स्थापित नहीं करेंगे और पहाड़ पर विकास को नई दिशा मिलेगी।*

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के समग्र विकास एवं आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में निरंतर प्रयास के तहत स्थानीय उत्पादों और उद्यमों को बढ़ावा देने के साथ ही महिलाओं और स्थानीय लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर देने के लिए कदम उठाये हैं। उत्तराखंड मेगा इंडस्ट्रीयल एवं इन्वेस्टमेंट पॉलिसी के तहत निवेश पर कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। पहाड़ पर निवेश करने पर एक से दो प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जायेगी। पर्वतीय क्षेत्र में ए श्रेणी के जिलों में दो प्रतिशत जबकि बी श्रेणी के जिलों में एक प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। निवेशकों को जमीन की खरीद या लीज डीड पर दी जाने वाली स्टाम्प फीस 50 फीसदी प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद तराई में बड़े उद्योगों की स्थापना आर्थिक पैकेज के तहत की गई थी। आर्थिक छूट के बाद कई उद्योगों ने कारोबार समेटना शुरू कर दिया। पहाड़ पर कुटीर और लघु उद्योग सफल हो सकते हैं। पर्वतीय क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा के अनुरूप उद्योग स्थापित करने से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। पहाड़ पर कृषि और बागवानी के उत्पादकों को उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। फल, सब्जी और मसाले से संबंधित लघु उद्योगों की अच्छी संभावना है। कम पूंजी में कुटीर और लघु उद्योग स्थापित किये जा सकते हैं। महिलाएं और स्थानीय लोग सिर्फ सब्सिडी के लिए उद्योग स्थापित नहीं करेंगे और पहाड़ पर विकास को नई दिशा मिलेगी। सिर्फ पर्यटन से पहाड़ के शहरों में होटल और पर्यटकों की जरूरत से जुड़ा कारोबार विकसित हो सका है। दूरस्थ गांवों में रोजगार के साधन नहीं होने से पलायन पहाड़ की जटिल समस्या है। पृथक राज्य बनने के बाद भी पलायन नहीं रुका है। सैकड़ों गांवों के हर मकान में ताले लगने से वीरान हो गये हैं। राज्य सरकार पलायन कर गये युवाओं को वापस बुलाने का प्रयास करे। इंडस्ट्रीयल पॉलिसी का प्रचार-प्रसार किया जाए। राज्य में पहाड़ से लेकर तराई तक नदियों से खनन के कारोबार में रोजगार से पलायन नहीं रुका है। पर्यटकों की जरूरत के अनुरूप उत्पाद पहाड़ पर ही तैयार किये जा सकते हैं। वर्तमान में पर्यटकों के लिए फास्ट फूड अन्य राज्यों से आयात किया जाता है। स्थानीय उत्पाद से स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ तैयार किया जा सकता है। वन संपदा से दैनिक उपयोग की वस्तुएं तैयार की जा सकती हैं।

# तिब्बती समुदाय ने धूमधाम से मनाई बुद्ध पूर्णिमा

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिला मुख्यालय नैनीताल में तिब्बती व भोटिया समुदाय के लोगों ने बुधवार को बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई। इस मौके पर सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में दिनभर में कई विविध धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य व दिव्य तरीके से आयोजन किया गया। इसके साथ ही 28 से 30 हजार मछली के बीज जीवनदान के रुप में नैनीताल जिले की भीमताल झील में छोड़े गए।

बता दें तिब्बती कैलेंडर के हिसाब से बुधवार को बुद्ध पूर्णिमा है, जो तिब्बती कैलेंडर के चौथे महीने के पूर्णिमा को हर साल मनाया जाता है। आज ही के दिन बुद्ध को 35 वर्ष के उम्र में प्रबोधन और 80 वर्ष के उम्र में महा परिनिर्वाण प्राप्त हुआ था। आज के दिन को महायान बौद्ध धर्म के अनुयायी बहुत ही पवित्र मानते हैं। यह माना जाता है कि आज के किया गया पुन्य और पाप दोनों 500 गुना ज्यादा हो जाता है, इसलिए आज के दिन महायान बौद्ध धर्म के अनुयायी पुन्य के कार्य में लिप्त रहते हैं और पाप करने से बचते हैं। नैनीताल में बुधवार की सुबह करीब 9 बजे सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में तिब्बती और भोटिया समुदाय के लोगों ने विश्व शान्ति, जीवन चक्र से संबंधित सभी दुख और परेशानियों से मुक्ति और उद्धार के लिए तीन घंटे का पूजा अर्चना की। तिब्बती मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष येशी थुप्तेन, तिब्बती संघर्ष समिति के अध्यक्ष तेनजिन जिनपा तथा सचिव तेनजिन धोन्यो और स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष टाशी टॉपग्याल और जन संपर्क सचिव थुप्तेन नोरबू ने परम पवन दलाई लामा जी के दीर्घायु और मंगल स्वस्थ के लिए करीबन 28 से 30 हजार मछली के बीज को जीवन दान के रूप में भीमताल के झील में छोड़ा,जबकि सायं 7 बजे से देवी तारा का महा जाप जागरण शुरु हुआ जो वीरवार (आज) सुबह 5 बजे तक होगा। बुधवार को सामूहिक पूजा में स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के अध्यक्ष तेनजिन जिगमें, उपाध्यक्ष टाशी टॉपग्याल, येशी थुप्तेन, तेनजिन छुलट्रिम, तेनजिन धोन्यो, डोल्मा छोए, छिरिंग यांगजोम, तिब्बती महिला संगठन के उपाध्यक्ष सोनम छोएडॉन, सचिव रिंजिन छोएजोम, तेनजिन ल्हाडॉन, छिरिंग पेलकी, केलसंग यांगडोन, सेवांग ल्हामो, केलसंग वांगमो, डोल्मा छोएजोम, लहाकपा गयालपो, तेनजिन लोडो, तेनजिन लोडो तथा थुप्तेन नोरबू आदि शामिल रहे।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि की सत्रांत परीक्षा आज से

**नैनीताल ।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की जून की सत्रांत परीक्षा 12 जून (आज) से शुरू होगी और 19 जुलाई (शनिवार) को समाप्त होगी। कुविवि के डीएसबी परिसर के इग्नू के मुख्य समन्वयक प्रो.ललित तिवारी ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जिन शिक्षार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरा था वे इग्नू के समर्थ स्टूडेंट पोर्टल से अपना हॉल टिकट एवं आई डी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। दूसरी ओर इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के अंतर्गत उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों में कुल 11818 परीक्षार्थी शामिल होंगे। देहरादून में 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज डोईवाला, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज डाकपत्थर एवं सीबीटी मोड में परीक्षा के लिए राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान निरंजनपुरए देहरादून शामिल हैं।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में कुमाऊं विवि के विद्यार्थियों ने सक्रिय और प्रभावी सहभागिता निभाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता





कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के फॉरेंसिक साइंस विभाग के एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने 8 एवं 9 जून 2025 को सोबन सिंह जीना राजकीय मेडिकल साइंस एवं अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन (भारतीय फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी कांग्रेस का राष्ट्रीय सम्मेलन) में सक्रिय और प्रभावी सहभागिता निभाई।

बता दें कि इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय था डॉक्टरों व चिकित्सा अधिकारियों द्वारा दैनिक कार्यों में सामना की जाने वाली कानूनी चुनौतियाँ एवं व्यावहारिक बाधाएँ जो वर्तमान चिकित्सा व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया की व्यावहारिक जटिलताओं तथा आवश्यक सुधारों की ओर संकेत करता है। छात्रों ने इस सम्मेलन में डॉ. नगमा परवीन (अतिथि व्याख्याता फॉरेंसिक साइंस विभाग) के मार्गदर्शन में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान विद्यार्थियों ने पेपर प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी शैक्षणिक प्रतिभा और अनुसंधान क्षमताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सम्मेलन में गौरव मठपाल ने स्वर्ण पदक जबकि लता बोरा ने रजत पदक तथा संजना ने कांस्य पदक जीता।

छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि इन उपलब्धियों ने फ रेंसिक साइंस विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान प्रतिबद्धता एवं विद्यार्थियों की कठिन मेहनत को भी रेखांकित किया। यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम एवं विभागीय मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली विद्यार्थियों के लिए अनुसंधान और नवाचार की प्रेरणा भी बनेगी। कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल, डीन अकादमिक्स प्रो. महेन्द्र सिंह राणा, डीन अकादमिक्स प्रो. संतोष कुमार, डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. रीतेश साह ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य को लिए शुभकामनाएं दीं।

# फिल्मी दुनिया

## रैपर जैक्सन वांग के साथ ऋतिक रोशन की तस्वीर हुई वायरल



*ऋतिक रोशन के पिता और निर्देशक राकेश ने आज अपने सोशल मीडिया पर हांगकांग के रैपर, गायक और गीतकार जैक्सन वांग संग तस्वीर शेयर की है। उन्होंने वांग के लिए एक खास नोट भी लिखा है। बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म वॉर 2 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं इसी बीच ऋतिक के पिता और बॉलीवुड निर्देशक राकेश रोशन ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर रैपर जैक्सन वांग संग एक खास तस्वीर शेयर की है। जैक्सन वांग इन दिनों भारत में हैं। 10 जून को भारत पहुंचे जैक्सन ने मुंबई में ऋतिक रोशन और उनके परिवार के साथ समय बिताया। रोशन परिवार ने जैक्सन की खातिरदारी की और सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा कीं। इस तस्वीर में जैक्सन और ऋतिक काले कपड़ों में एक साथ नजर आए। राकेश ने इस खास तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जैक्सन आपका स्वागत है और भगवान भला करे। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया तस्वीरें शेयर होते ही जैक्सन और ऋतिक के प्रशंसकों ने कमेंट्स की बाढ़ ला दी। एक फैन ने लिखा, जैक्सन को हर बार घर जैसा प्यार देने के लिए धन्यवाद। एक और फैन ने लिखा, जैक्सन का भारत में भी एक परिवार है। एक और फैन ने लिखा, यह वही मुलाकात है, जिसका हमें इंतजार था। रोशन परिवार की दोस्त अनु रंजन भी इस डिनर पार्टी में शामिल थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, यह पल यादगार है। उनकी बेटी, अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने कमेंट किया, अपना बेस्ट जीवन जीए।*

### जैक्सन वांग की भारत यात्रा

*मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, के-पॉप स्टार जैक्सन वांग अपने नए एल्बम मैजिक मैन 2 के प्रचार के लिए भारत आए हैं। यह एल्बम 18 जुलाई को रिलीज होगा, जिसमें 11 गाने होंगे। ये गाने दुख और व्यक्तिगत विकास के चार अलग-अलग चरणों को दर्शाएंगे। यह एल्बम उनके 2022 के एल्बम मैजिक मैन का दूसरा हिस्सा है।*

# पूर्व प्राध्यापक प्रो. आर.सी.एस. मिश्र के निधन पर शोक जताया

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पूर्व प्राध्यापक प्रो. आर.सी.एस. मिश्र ( 67) के निधन पर विश्वविद्यालय परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

कुविवि परिवार के मुताबित प्रो. मिश्र न केवल एक उत्कृष्ट शिक्षक एवं प्रशासक रहे बल्कि उन्होंने विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं प्रशासनिक विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रो. मिश्र कॉमर्स विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत रहे और परीक्षा नियंत्रक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वे इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिसी स्टडीज एंड रिसर्च के निदेशक भी रहे तथा अपने कार्यकाल के दौरान अकादमिक नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई। सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्होंने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में कुलसचिव सहित अनेक प्रशासनिक पदों पर भी कुशलतापूर्वक कार्य किया। कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि प्रो. मिश्र जैसे विद्वान, अनुशासित एवं समर्पित शिक्षक का जाना उच्च शिक्षा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। प्रो. मिश्र को एक गंभीर शिक्षाविद्, कुशल वक्ता, मार्गदर्शक एवं उच्च स्तरीय अकादमिक सोच रखने वाले व्यक्ति के रूप में स्मरण किया जाता है। इस दुखद अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल, डीन अकादमिक्स प्रो. संतोष कुमार समेत प्रो0 अतुल जोशी, डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. संजय पंत, प्रो0 हरीश बिष्ट समेत कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी,महासचिव डा.विजय कुमार समेत प्रो0 एन0जी0 साहू, डॉ. रीतेश साह, डॉ. महेन्द्र सिंह राणा सहित समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की।

News कॉर्नर

## सफाई कर्मचारी बढ़ाने व पुराने कर्मचारियों को आवासों में मालिकाना हक देने की मांग

**नैनीताल ।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति महासंघ पदाधिकारियों ने सफाई आयोग के उपाध्यक्ष को मांग पत्र सौंपा है। उन्हों पालिका में सफाई कर्मचारी बढ़ाने व पुराने कर्मचारियों को आवासों में मालिकाना हक देने की मांग की है। महासंघ के महासचिव मनोज भारती ने उपाध्यक्ष को मांग पत्र सौंपते हुए कहा है कि ब्रिटिश काल में जब नगर की जनसंख्या 15000 हजार थी तब नगर पालिका में 262 सफाई कर्मचारी थे। लेकिन वर्तमान में जनसंख्या बढ़ने के बाद भी पद नहीं बढ़ पाए हैं। उन्होंने पालिका में सफाई कर्मचारी बढ़ाने की मांग की है। वहीं नगर पालिका के आवासों में रह रहे पुराने कर्मचारियों को मालिकाना अधिकार देने की भी मांग की है। मांग पत्र देने वालों में नगर अध्यक्ष संजय सौदा समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

## महिला पर हमला करने वाला तेंदुआ ट्रैप कैमरे में कैद

**नैनीताल ।** नैनीताल–हल्द्वानी मोटर मार्ग स्थित भुजियाघाट के मोरा गांव में महिला पर हमला करने वाला तेंदुआ ट्रैप कैमरे में कैद हुआ है। इसके बाद वन विभाग ने गश्त तेज कर दी है। बता दें कि बीते 31 मई (शनिवार) की रात 10 बजे मनोरा रेंज के बल्यूटी ग्राम पंचायत के मोरा तोक में पुष्पा देवी (70) पर तेंदुए ने हमला बोल दिया था। तेंदुआ महिला को घर से करीब 100 मीटर दूर तीन खेत नीचे ले गया। इस बीच महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन ग्रामीणों की मदद से उन्हें देर रात सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से वन विभाग की टीम गांव में तैनात है। साथ ही तेंदुए की मौजूदगी को देखने के लिए 30 ट्रैप कैमरे व तीन पिंजड़े लगाए गए हैं। हालांकि तेंदुआ पिंजड़ों तक नहीं पहुंचाए लेकिन ट्रैप कैमरे में एक तेंदुआ नजर आया है।

# राज्यपाल ने किया वीरता पदक विजेताओं एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुधवार को राजभवन नैनीताल में सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित एक शाम सैनिकों के नाम कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने वीरता पदक विजेताओं और सराहनीय कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अर्धसैनिक बल के जवानों और अधिकारियों को राज्यपाल द्वारा प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड वीरों की भूमि है जिसे देवभूमि के साथ साथ वीरभूमि भी कहा जाता है। यहां अनेक वीर सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का भारतीय सेनाओं में योगदान लगभग 18 प्रतिशत हैए जो दर्शाता है कि यह राज्य वास्तव में देश की रक्षा की एक मजबूत रीढ है। देश पर बलिदान होने वाले हर पाँचवें सैनिक का उत्तराखण्ड से होना यह कोई संयोग नहीं बल्कि इस राज्य की रगों में दौड़ता राष्ट्र प्रेम है। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारे उन वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है। यह हमारे सैनिकों और उनके परिवारों को संदेश देता है कि उनका बलिदान न केवल हमारे लिए अमूल्य हैए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। राज्यपाल ने हाल ही में संपन्न हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए भारतीय सेना की रणनीतिक क्षमताए तकनीकी दक्षता और अदम्य साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन इस बात का प्रमाण है कि भारत अब नई युद्ध प्रणालियों और आधुनिक तकनीकों के साथ पूरी तरह सजग और सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमें अभी इन सभी चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। इस ऑपरेशन में देश ने अपनी सेनाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए एकजुटता दिखाई वह प्रशंसनीय है। इस अवसर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि उत्तराखण्ड केवल पहाडों की धरती नहींए यह देश की रक्षा करने वाले वीरों की भूमि हैए जहाँ हमारे जवानों ने हमेशा अद्वितीय साहस का परिचय दिया है। आज जब इतने अलंकृत वीर सैनिक एक साथ एक मंच पर उपस्थित हैए तो यह केवल सम्मान का अवसर नहीं बल्कि प्रेरणा का सशक्त प्रतीक बन जाता है। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, जीओसी उत्तर भारत एरिया लेफ्टिनेंट जनरल डी. जी. मिश्रा, लेफ्टिनेंट जनरल जी एस बिष्ट, लेफ्टिनेंट जनरल जी.एस. कटोच, एयर मार्शल के डी सिंह, एसएसपी पी एन मीणा, कुलपति कुमाऊं विवि प्रो. दीवान सिंह रावत, निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल सहित काफी संख्या में वीर सैनिक, पूर्व सैनिक व उनके परिवारजन व सैन्य अधिकारीगण एवं विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित थे।

# पावर कॉरपोरेशन के एमडी को भ्रष्टाचार के आरोपों पर हाईकोर्ट से मिली राहत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड पॉवर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ टेंडर आबंटन में भ्रष्टाचार करने व आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता बॉबी पवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सक्षम न्यायालय में जाने की छूट दी है ।



मुख्य न्यायाधीश जीण् नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने 6 जून (वीरवार) को यह निर्णय सुनाया। जनहित याचिका में बॉबी पवार का आरोप था कि उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने टेंडर आवंटन में भ्रष्टाचार किया है और आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इस संदर्भ में वर्ष 2018 में पॉवर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन की एक जांच समिति की रिपोर्ट का हवाला भी याचिकाकर्ता द्वारा दिया गया। राज्य सरकार ने अदालत को अवगत कराया कि कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने 8 जुलाई 2024 को उक्त मामले में जांच बंद करने का निर्णय लिया है। महाधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि याचिकाकर्ता स्वयं कई मामलों में आरोपी हैं, उन्होंने विधान सभा चुनाव भी लडा इसलिये यह याचिका जनहित की आड़ में पैसा वसूलण् याचिका प्रतीत होती है। महाधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट झारखंड राज्य बनाम शंकर शर्मा 2022 एस एस सी 1541 मामले में दिए गए निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी याचिकाएं जनहित नहींए बल्कि निजी स्वार्थ से प्रेरित होती हैं।

कोर्ट ने यह मानते हुए कि मामले में तथ्यों की जांच और साक्ष्यों की समीक्षा आवश्यक है यह स्पष्ट किया कि यह कार्य सक्षम ट्रायल कोर्ट द्वारा किया जाना चाहिए। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराने के लिए सक्षम अदालत में जाने की स्वतंत्रता दी और याचिका का निस्तारण कर दिया।

# एक तारीख से घरों मे जिक्र ए हुसैन की महफिल होंगी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**बैठक**

● ताजियों का जुलुस अपने निर्धारित मार्ग पर निकलेगा

मुहर्रम कमेटी की बैठक सदर नाजिम बक्श की सादरत में रजा क्लब मल्लीताल में हुयी जिसमें तय हुआ कि इस बार रजा क्लब इमाम बाडे में ताजिये का काम जल्द शुरू किया जायेगा और मुहर्रम का चाँद 26 जून (वीरवार) को दिखेगा व 27 जून (शुक्रवार) को चाँद की 1 तारीख होंगी चं द देखने के बाद सूखाताल स्थित कर्बला व इमाम बाडा तथा रजा क्लब मल्लीताल में परचम लगाया जायेगा ओर चांद की एक तारीख से 8 मुहर्रम तक घरों मे जिक्र ए हुसैन की महफिल होंगी।

बैठक में तय किया गया कि मुहर्रम माह की 7 तारीख को जुलुस ए अलम निकला जायेगा जो रॉयल होटल से निकल कर इंद्रा मार्किट से होते हुए बड़ा बाजार से वापस इमाम बाडा रजा क्लब में संपन्न होगा उसके बाद रजा क्लब मल्लीताल में जिक्र ए हुसैन किया जायेगा ओर मुहर्रम की 9 तारीख को दिन मे लंगर यानि भंडरा होगा ओर शाम को मगरिब के बाद ताजियों का जुलुस अपने निर्धारित मार्ग पर निकलेगा जो की इमामबाडा रजा क्लब में संपन्न होगा।

इसके बाद मुहर्रम की 10 तारीख यौमे अशुरा के दिन में ताजियों का मुख्य जुलुस तहे निशान ढोल ताशों व अखाडा के साथ रॉयल होटल से शुरू होगा जोकि इंद्रा मार्किट, बेकरी कंपाउंड से रजा क्लब मल्लीताल पहुंचेगा जहां से फि र तजियों के साथ अपने निर्धारित मार्ग अंडा मार्किट, जय लाल शाह बाजार, सय्यद रैस्टोरेंट से वापस, बीच का बाजार, खड़ी बाजार, गारी पड़ाव से मल्लीताल कोतवाली वहां से वापस शारदा संघ, पुराना घोड़ा स्टैंड से गोल घर, बड़ा बाजार से इंद्रा मार्किट से रॉयल होटल, नैनीताल क्लब, चीना बाबा, हाई कोर्ट से होते हुए देर रात सूखाताल इस्थित कर्बला में सम्पन होगा ओर वहां पर ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया जायेगा। बैठक में कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# सात दिनी श्रीमद्भागवत कथा का हुआ धार्मिक अनुष्ठानों के साथ समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के ठंडी सडक स्थित गोलू देवता मंदिर परिसर में चल रहे सात दिनी श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को विधिवत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ समापन हुआ।

इस दौरान आयोजक आचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि यह धार्मिक कार्यक्रम वर्ष 1988 से 2019 तक निरंतर 32 वर्षों तक चलते रहा वहीं 2020 में कोविड–19 के चलते कार्यक्रम अवरूद्ध रहा। इस वर्ष से दोबारा इस कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया है। बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 5 जून से किया गया और बुधवार को इसका समापन हो गया। आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल ने भागवत कथा संपन्न कराई और इससे पूर्व सुबह गणेश पूजन,पंचागी कर्म के बाद हवन, पूर्णाहूति तथा व्यास पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान काशी से आए पंडित परमात्मा राम दुबे, रजनीश मिश्रा, प्रशांत तिवारी, बलराम दुबे, संयोजक सूरदास रामायणी,श्री गोलू देवता मंदिर के संस्थापक सदस्य भीम सिंह कार्की,विमल चौधरी, बृज मोहन जोशी,भुवन बवाडी,मनोज जोशी,मंजू रौतेला, रमेश काण्डपाल, सनी राठौर, शेखरानन्द त्रिपाठी, चन्दन मेहरा, उमापति जोशी, सरला जोशी, जगदीश सुयाल, घनश्याम ढोलगाई, सन्नू काण्डपाल, विपिन चंद्र, हरीश लाल साह, खजान सिंह डंगवाल, पूरन सिंह अधिकारी, सुमन साह, भगवान सिंह बोरा, समेत अन्य भक्त लोग मौजूद रहे।



## 18 जून को होगा आरक्षण प्रस्तावों का अंतिम प्रकाशन

**अल्मोड़ा।** डीएम आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शासन की ओर से ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के स्थानों और पदों के आरक्षण और आवंटन के लिए समय सारणी निर्धारित की गई है। 11 जून को निदेशक पंचायतीराज की ओर से प्रधान पदों की संख्या का विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। 13 जून को आरक्षण प्रस्तावों का प्रकाशन किया जाएगा। 14 से 15 जून तक आरक्षण प्रस्तावों पर आपत्तियां ली जाएंगी। 16 से 17 जून को आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 18 जून को आरक्षण प्रस्तावों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# अधिवक्ता परिषद हाईकोर्ट इकाई की बैठक आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



अधिवक्ता परिषद हाईकोर्ट इकाई की बैठक बुधवार को परिषद के प्रदेश अध्यक्ष जानकी सूर्या व प्रदेश मंत्री संजय सिंह की मौजूदगी में आयोजित की गयी। बैठक में उच्च न्यायालय अधिवक्ता परिषद की नव गठित कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की गयी। इसमें लोकेंद्र डोभाल को अध्यक्ष,वीरेंद्र सिंह अधिकारी को कार्यकारी अध्यक्ष, अनिल कुमार जोशी को महामंत्री, कौशल साह जगाती को कोषाध्यक्ष, सीमा साह,राजेश शर्मा व पीयूष गर्ग को उपाध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा अनमोल संधू, सुनील उपाध्याय,महावीर कोहली, अमन जोत चड्ढा को मंत्री का दायित्व सौपा गया। बैठक में कुछ अन्य पदों की भी घोषणा की गयी। बैठक में अन्य लोगों के साथ ही हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव वीरेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे।

# 13 जून को डॉ. इंदिरा ह्रदयेश की चतुर्थ पुण्यतिथि पर होगी श्रद्धांजलि सभा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर विधायक सुमित ह्रदयेश ने जानकारी देते हुए बताया कि हल्द्वानी की राजनीति और उत्तराखंड के विकास में अद्वितीय योगदान देने वाली जनप्रिय नेत्री स्वर्गीय डॉ. श्रीमती इंदिरा ह्रदयेश की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है।



यह कार्यक्रम 13 जून 2025, शुक्रवार को शाम 5 बजे से होटल सौरभ, नैनीताल रोड, हल्द्वानी में आयोजित होगा। सुमित ह्रदयेश ने कहा कि स्व. डॉ. इंदिरा ह्रदयेश केवल एक राजनेता नहीं थीं, बल्कि वे विकास, सुशासन और जनसेवा की प्रतीक थीं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन प्रदेश के उत्थान और आमजन की सेवा के लिए समर्पित किया। उनका व्यक्तित्व, उनकी कार्यशैली और उनका समर्पण भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा। यह श्रद्धांजलि सभा न केवल उनके योगदान को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि हम सभी के लिए यह संकल्प लेने का भी क्षण है कि हम उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज और प्रदेश की सेवा करते रहें।

उन्होंने यह भी कहा कि इस श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, नागरिकगण एवं स्व. इंदिरा के अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। सभी क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों और समर्थकों से समय पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की।